मुंबई मेट्रो लाइन-3 का ट्रायल रन शुरू

महानगर संवाददाता

मुंबई

मुंबई। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने मंगलवार को आरे कॉलोनी के सारिपुत नगर में कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज (एसईईपीजेड) मेट्रो लाइन-3 का ट्रायल रन शुरू किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सुबह 11 बजे ट्रायल रन के तहत मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। हरी झंडी दिखाने से पहले शिंदे और फडणवीस ने मेट्रो ट्रेन के अंदर जाकर उसका जायजा लिया। इस मौके पर एमएमआरसीएल की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े भी मौजूद थीं। मुंबई मेट्रो की तीसरी लाइन में 33.5 किलोमीटर लंबा भूमिगत मार्ग शामिल है। यह लाइन दक्षिण मुंबई के कोलाबा को महानगर के पश्चिमी उपनगरों से जोड़ेगी। इससे उपनगरीय लोकल ट्रेन सेवा पर यात्रियों के बोझ में कमी आने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री ने दिया विरोधियों को करारा जवाब

इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा "मेट्रो परियोजना से ही राजनीतिक प्रदूषण बढ़ा है। इसलिए यह प्रोजेक्ट ठप पड़ गया था। हालांकि अब इस प्रोजेक्ट का काम तेजी से पूरा किया जाएगा। क्योंकि हमारी सरकार ने कम गेंदों में ज्यादा रन बनाने का लक्ष्य रखा है। शिंदे-फडणवीस सरकार को बने हुए मुश्किल से 2 महीने ही हुए हैं। हालांकि, ढाई साल पहले रुके कई प्रोजेक्ट अब आगे बढ़ रहे हैं। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूरी ताकत के साथ राज्य सरकार के साथ खड़े होने का आश्वासन दिया है। पीएम मोदी ने राज्य के विकास के लिए परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन की बात कही हैं।

उद्धव ठाकरे पर साधा निशाना

एकनाथ शिंदे ने आगे कहा, सरकार बनते ही हमने बहुचर्चित मेट्रो परियोजना का काम फिर से शुरू करवाया। जब देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने राज्य में कई परियोजनाओं की शुरुआत की थी। फडणवीस के पांच वर्षों के कार्यकाल में राज्य में परियोजनाओं का तेजी से विकास हो रहा था। हालांकि, इस बीच ढाई साल में उनके काम को रोक दिया गया।

'विपक्ष के लिए अब दो चुनौती'

शिवसेना से बगावत कर सरकार बनाने वाले दिग्गज नेता एकनाथ शिंदे ने विपक्ष को करारा जवाब दिया। शिंदे ने कहा, पहले सिर्फ देवेंद्र फडणवीस ही विरोधियों के लिए चुनौती थे। हालांकि अब मैं भी उनके साथ हूं। पहले केवल एक था, अब दो हैं। इसलिए सरकार चलाते समय हम सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे। इस दौरान शिंदे ने आश्वासन दिया कि वह विकास के मामले में कभी राजनीति नहीं करेंगे।

परियोजना पूरी होने पर आत्मा को मिलेगी संतुष्टि : फडणवीस

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मेट्रो 3 का काम पूरा होने पर आत्मा को संतुष्टि मिलेगी। मुंबई की जनता के लिए यह महत्वपूर्ण मेट्रो है। इसके शुरू होने के बाद मुंबई वासियों को यात्रा में काफी राहत मिलेगी। फडणवीस ने आगे कहा कि मुंबई मेट्रो -3 परियोजना का एक महत्वपूर्ण परीक्षण आज सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस मेट्रो परियोजना का पहला चरण दिसंबर 2023 तक पूरा हो जाएगा। चूंकि इस मेट्रो से सड़क पर निजी यातायात कम होगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि परियोजना को पूरा करने में जो पेड़ों को काटा जाना था, उसे पहले ही काट दिया गया था। ग्रीन ट्रिब्यूनल के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट ने सभी विशेषज्ञों से परामर्श करने के बाद ही इस परियोजना को अनुमति दी है। सरकार ने पर्यावरण को देखते हुए मुंबई के हित में निर्णय लिया है जो कि आवश्यक था। फडणवीस ने कहा, परियोजना पूरी हो जाने के बाद हमें संतुष्टि मिलेगी। क्योंकि इस मेट्रो लाइन से मुंबई के यात्रियों को काफी फायदा होगा। वहीं मुंबई मेट्रो के प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े ने बताया कि परियोजना का पहला चरण दिसंबर-2023 तक शुरू किया जाएगा। इस दौरान उद्घाटन कार्यक्रम में मुंबई मेट्रो कार्पोरेशन की प्रबंधक निदेशक अश्विनी भिड़े, विधायक दिलीप लांडे, भाजपा विधायक अतुल भातखलकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बता दें कि यह भूमिगत मेट्रो लाइन है, जिसका इंतजार सभी मुंबईकरों को है।